प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर चर्चा करने के लिए आज शाम सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक संसद परिसर में होगी। संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि सरकार ने विपक्षी दलों के साथ मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए यह बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि संकट के समय रचनात्मक भूमिका निभाना विपक्ष का भी कर्तव्य है, लेकिन दुर्भाग्य से विपक्ष इस पर राजनीति कर रहा है।

****

लोकसभा ने वित्त विधेयक 2026 को ध्वनि मत से पारित कर दिया, जो वित्त वर्ष 2026–27 के सरकारी प्रस्तावों को लागू करता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार एमएसएमई, किसानों और सहकारी क्षेत्र को सशक्त बना रही है। साथ ही डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, इलेक्ट्रॉनिक्स, मरीन, लेदर, खनिज और न्यूक्लियर जैसे क्षेत्रों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

****

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वैश्विक अस्थिरता के बीच कृषि क्षेत्र की तैयारी और किसानों के हितों की सुरक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और 'फार्मर आईडी' के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

****

पश्चिमी सिंहभूम में भाजपा ने नगर कमेटी का विस्तार करते हुए 17 पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। नगर अध्यक्ष राकेश कुमार पोद्दार ने प्रेस वार्ता में नई टीम की घोषणा की। जिला महामंत्री प्रताप कटिहार ने बताया कि जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू के निर्देश पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से पुनर्गठन किया गया है। नई टीम में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री समेत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं।

****

धनबाद में उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने मॉडर्न रिकॉर्ड रूम के नए कक्ष का उद्घाटन किया। यहां स्टेनलेस स्टील रैक और कोडिंग सिस्टम के जरिए विभिन्न विभागों व न्यायालयों के दस्तावेज सुरक्षित रखे जाएंगे। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि नई व्यवस्था से रिकॉर्ड खोजने में आसानी होगी और दस्तावेज करीब 50 वर्षों तक सुरक्षित रहेंगे।

****

धनबाद में पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया, जिसका नेतृत्व ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने किया। करीब 100 वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट, फर्जी कागजात और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई चालान काटे गए।

****

राजधानी रांची में रामनवमी महापर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने आज सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का विस्तृत खाका पेश किया। उन्होंने बताया कि शहर की सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरों से आसमान से निगरानी की जा रही है।

**********समाप्त*********